विश्वविद्यालय मॉनिटरिंग पोर्टल (University Monitoring Portal)
पर त्रुटि रहित सूचना पूर्ण करने का प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि राजभवन के यूनिवर्सिटी मॉनीटरिंग पोर्टल पर ....विश्वविद्यालय/संस्थान से सम्बन्धित निम्नलिखित प्रविष्टियाँ त्रुटि रहित तरीके से अद्यतन पूर्ण कर दी गई हैं :–

1– विश्वविद्यालय/संस्थान के जनरल प्रोफाईल से सम्बन्धित प्रविष्टियाँ

2– विश्वविद्यालय/संस्थान से सम्बन्धित फैकल्टी, कंस्टीटूयेन्ट इंस्टीट्यूट्स, सम्बद्ध महाविद्यालय से सम्बन्धित सभी प्रविष्टियाँ (कोई भी कालेज छूटने न पाये)

3– 55 प्रपत्रों की सूचना

4– 3 अतिरिक्त प्रपत्र Establishment 12, 13, 14 की सूचना

कुलसचिव   परीक्षा नियंत्रक   वित्त नियंत्रक   कुलपति

राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश
लखनऊ – 226027

संख्या : ई– 536 /जी0एस0
दिनांक : 25 जनवरी, 2022

प्रेषक,

अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय/महोदया,

आप अवगत हैं कि यूनिवर्सिटी मॉनीटरिंग पोर्टल को आरम्भ किये हुए लगभग 6 महीने का समय व्यतीत हो चुका है। इस पोर्टल पर सभी विश्वविद्यालयों को अपनी मूलभूत प्रोफाईल, सामान्य आकड़े, पदाधिकारियों के नाम, फोन नम्बर, फैकल्टी, कंस्टीटूयेन्ट इंस्टीट्यूट्स, सम्बद्ध महाविद्यालय तथा विभिन्न प्रपत्रों पर सूचना भरा जाना अपेक्षित था। समय–समय पर राजभवन द्वारा इस सम्बन्ध में अनुस्मरण भी कराया गया है कि इन सभी विवरणों को त्रुटि रहित तरीके से समय से पूर्ण करा दें। समय–समय पर आपको विभिन्न कमियों के बारे में भी अवगत कराया गया है।

इन सब के बावजूद अभी भी कतिपय विश्वविद्यालयों द्वारा पूर्ण विवरण नहीं भरे गये हैं। जिन विश्वविद्यालयों द्वारा विवरण भरा गया हैं, वह सही है या गलत, उन पर भी संदेह बना हुआ है।

उक्त पृष्ठ भूमि में अब एक बार पुनः आपको अन्तिम अवसर देते हुए यह अनुरोध करना है कि विलम्बतम दिनांक 05 फरवरी, 2022 तक इस पोर्टल पर अपने विश्वविद्यालय/संस्थान से सम्बन्धित प्रविष्टियाँ ठीक तरीके से पूर्ण करा दी जायें और दिनांक 07 फरवरी, 2022 को विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, वित्त नियंत्रक एवं परीक्षा नियंत्रक के संयुक्त हस्ताक्षर से संलग्न प्रारूप पर प्रमाणपत्र राजभवन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये।

दिनांक 10 से 14 फरवरी, 2022 के बीच मा0 कुलाधिपति द्वारा इस सम्बन्ध में एक समीक्षा बैठक भी किया जाना प्रस्तावित है, जिसकी तिथि एवं समय की सूचना आपको बाद में दी जायेगी।

संलग्नक : यथोपरि।

भवदीय,

(महेश कुमार गुप्ता)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव।